Harvard University
Urdu 102: Intermediate Urdu-Hindi
Spring Semester, 2007

# शोले

Part 18

बसंती मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना कर रही है।

बसंती - प्रभु। संसार में ऐसी कोई बात तो है नहीं जो तुम से छुपी हो। तुम तो सब जानते हो। अम...। देखो मैं यह तो नहीं कहती कि तुम्हें याद नहीं होगा, लेकिन फिर भी अपनी तरफ़ से कह देना अच्छा होता है। आज सोमवार है। बस एक छोटी सी विनती है प्रभु। देखो। ज़रा देखो। यह ताँगे की लगाम खींचते खींचते हाथ ऐसे हो गये हैं जैसे घोड़े के खुर। अरे तुम्हारे लिये क्या मुश्किल है। बस। ऐसी जगह बात लगाओ प्रभु कि बसंती रानी बन कर राज करे। योंकि मज़ा आ जाए ज़िंदगी का। आगे जैसे तुम्हारी मर्ज़ी।

अब तक वीरू मूर्ति के पीछे छुप कर खड़ा हो गया है। उस के हाथ में कोई ऐसी चीज़ है जो कि जब मुँह पर लगाता है तो उस की आवाज़ मोटी हो जाती है। वह भगवान बन कर बसंती से बात करने लगता है।

वीरू - कन्या!
बसंती - यूँकि यह कौन बोला?
वीरू - यह हम बोल रहे हैं।
बसंती - प्रभु तुम! चमत्कार हो गया।
वीरू - हमने तुम्हारे लिये वर ढूँढ लिया है कन्या।
बसंती - एक ही सोमवार में ढूँढ लिया? वाह प्रभु। यूँकि तुमने सोचा है तो ठीक ही सोचा होगा। लेकिन फिर भी अगर नाम बता देते... या अगले सोमवार आऊँ? जैसा तुम कहो प्रभु।
वीरू - वर का नाम है वीरू।

बसंती - वीरू? प्रभु। यह मेरी जिंदगी का सवाल है। जल्दी से काम मत लेना। भले ही सात माह और लग जाएँ। ख़ैर, देखने में तो ठीक है लेकिन साला बहुत होसियारी मारता है।

वीरू - चुप रहो कन्या।

बसंती - बेफ़ज़ूल की बात करने की आदत तो मुझे है नहीं प्रभु। जो तुम्हारी आज्ञा।

वीरू - यदि हमारी आज्ञा का पालन नहीं किया तो सारी उम्र कुँवारी बैठी रहोगी।

बसंती - हाँ प्रभु।

वीरू - और सुनो।

बसंती - यूँकि...

जय बसंती के पास आ कर उसे चुप रहने का इशारा करता है। फिर बसंती को मूर्ति के पीछे ले जाता है। बसंती उस के साथ चलकर वीरू को बोलते हुए देखती है।

वीरू - यूँकि धन्नो के साथ ताँगा चलाती रहोगी। हमारी आज्ञा है कि जाओ और अपनी मौसी से खुले शब्दों में कह दो कि वीरू को ही तुम्हें जीवन साथी बनाना है। और आज से वीरू का आदर करना तुम्हारा धर्म है, इसलिये कि उसी के चरणों में तुम्हारा स्वर्ग है। यदि तुमने उसे प्रसन्न किया तो हम प्रसन्न हो जाएँगे। और यदि तुमने उसे क्रोधित किया तो हम क्रोधित हो जाएँगे।

बसंती - अच्छा।

वीरू - (बिना देखे) शुश। (अचानक समझ में आता है कि बसंती ही उस के पीछे खड़ी है।) इसलिये जा ... हे हे हे बसंती... बसंती... वह... हे हे हे... बसंती, मैंने सोचा यूँ ही...

बसंती - तुमने सोचा यह कि हम तो गाँव के रहने वाले हैं। इसलिये हमको तो अक़्ल है नहीं। और तुम हमें बना लोगे उल्लू। तुम बहुत होशियार समझते हो अपने आपको। मगर बसंती तुम जैसों को हाट में बेचकर आएगी हाँ। अब तुम यहाँ बैठकर रमाओ धूनी। बसंती चली अपने घर।

वीरू - बसंती। बसंती सुनो तो...

**********************************************************************

बसंती ताँगा चला रही है। वीरू दौड़ते हुए उस के पीछे आ कर ताँगे पर चढ़ जाता है।

गाना

कोई हसीना जब रूठ जाती है तो और भी हसीन हो जाती है। x2
टेसन से गाड़ी जब छूट जाती है तो एक दो तीन हो जाती है।
(बसंती कहती है) चल हट साले
हाथों में चाबुक, होंठों पे गालियाँ, हाथों में चाबुक, होंठों पे गालियाँ
बड़ी नखरेवालियाँ होती है ताँगेवालियाँ।
कोई ताँगेवाली जब रूठ जाती है तो, है तो, है तो, और नमकीन हो जाती है।
कोई हसीना जब रूठ जाती है तो और भी हसीन हो जाती है।
ज़ुल्फ़ों में छैंया मुखड़े पे धूप है
हे ज़ुल्फ़ों में छैंया मुखड़े पे धूप है
बड़ा मज़ेदार गोरी यह, यह तेरा रंग रूप है।
डोर से पतंग जब टूट जाती है तो, है तो, है तो, रुत और रंगीन हो जाती है।
कोई हसीना जब रूठ जाती है तो और भी हसीन हो जाती है।
टेसन से गाड़ी जब छूट जाती है तो एक दो तीन हो जाती है।
एक दो तीन हो जाती है।x2

अन्वय

जब कोई हसीना रूठ जाती है तो वह और भी हसीन हो जाती है।
जब स्टेशन से गाड़ी छूट जाती है तो वह एक दो तीन हो जाती है।
उस के हाथों में चाबुक, उस के होंठों पे गालियाँ,
यह ताँगेवालियाँ बड़ी नखरेवालियाँ होती है।
जब कोई ताँगेवाली रूठ जाती है तो वह और नमकीन हो जाती है।
उस के ज़ुल्फ़ों में छाया है उस के मुखड़े पे (पर) धूप है
ऐ गोरी तेरा यह रंग रूप बड़ा मज़ेदार है।
जब पतंग डोर से टूट जाती है तो वह और रंगीन हो जाती है।

शब्दावली

भगवान = God (m)

मूर्ति = statue (f)

हाथ जोड़ना = to fold one's hands (in front of the chest) (vt)

प्रभु = Lord (m)

छुपना = to be hidden (vi)

मिन्नत = request (f)

लगाम = reins (f)

खींचना = to pull (vt)

मुश्किल = difficult (adj)

रानी बन कर राज करना = to rule like a queen (vt)

मज़ा आ जाएगा ज़िंदगी का = life will be fun

आगे जैसे तुम्हारी मर्ज़ी = the rest is as you want.

बदलना = to change (vt, vi)

x के रूप में = in the form of x

कन्या = young woman (f)

चमत्कार = miracle (m)

वर = bridegroom (m)

वाह = Wow !!

जल्दी से काम लेना = to act rashly (vt)

बहुत बातें मारना = to talk a lot (vt)

चुप रहना = to be silent (vi)

बेफ़ूज़ल = uselessness (f)

आदत = habit (f)

आज्ञा = order (f)

आज्ञा का पालन करना = to obey an order (vt)

सारी उमर = entire life (f)

कुँवारी = unmarried (f)

मौसी = auntie (f)

खुले शब्दों में = in open words (openly)

जीवन साथी = life partner (m)

आदर करना = to respect (vt)

धर्म = religion, responsibility (m)

चरण = foot (m)

स्वर्ग = heaven (m)

प्रसन्न करना = to please (vt)

क्रोधित करना = to anger (vt)

अक़्ल = intellect (f)

उल्लू बनाना = to make a fool of (vt)

होशियार = clever (adj)

हाथ में बेचना = to sell at the hands of (vt)

हसीना = beautiful woman (f)

रूठना = to sulk (vi)

हसीन = beautiful (adj)

हटना = to move (vi)

साला = bastard, brother-in-law (m)

चाबुक = whip (m)

होंठ = lip (m)

गाली = abuse (f)

नख़रा = flirtatious airs (m)

ताँगेवाला = the one with the horse and carriage (adj)

नमकीन = tasty, salty, snacks (adj)

ज़ुल्फ़ = lock (of hair) (m)

छैया = shadow (m)

मुखड़ा = face (m)

धूप = sunlight (f)

मज़ेदार = enjoyable, pleasant, tasty (adj)

गौर = fair (adj)

रंग रूप = colour and appearance (m)

डोर = string (f)

पतंग = kite (f)
रंगीन = colourful (adj)